कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

::कार्यालय आदेश::

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक–शिविरा–माध्य/संस्था/सी–4/रजीगृ/रसायन विज्ञान/स्थानान्तरण/2020 दिनांकः 04.01.2021 के तहत श्री राजवीर सिंह व्याख्याता, रसायन विज्ञान का स्थानान्तरण शहीद रामसिंह शेखावत राउमावि, चंवरा, झुंझुनू से राउमावि, उण्डू, बाड़मेर किया गया। उक्त स्थानान्तरण आदेश के विरूद्व श्री राजवीर सिंह द्वारा माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या 795/2021 राजवीर सिंह बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गई।

अपील संख्या 795/2021 में माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील प्राधिकरण, जयपुर द्वारा पारित अन्तरिम आदेश दिनांकः 01.02.2021 द्वारा अपीलार्थी को प्रत्यर्थी विभाग में सक्षम अधिकारी के समक्ष अभ्यावेदन प्रस्तुत करने एवं प्रस्तुत अभ्यावेदन को सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए एवं राज्य सरकार की नीति के अंतर्गत एक आख्यात्मक आदेश (SPEAKING ORDER) द्वारा निस्तारित किए जाने के निर्देश प्रदान किए है साथ ही विभागीय आलोच्य स्थानान्तरण आदेश दिनांकः 04.01.2021 का प्रभाव एवं क्रियान्वयन अपीलार्थी राजवीर सिंह के सम्बन्ध में अभ्यावेदन निस्तारण होने तक स्थगित किया है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में श्री राजवीर सिंह द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्थानान्तरित विद्यालय 700 किमी दूर होने, वृद्ध माता एवं छोटे बच्चे की जिम्मेदारी होने के आधार पर विभागीय दिशा निर्देशों/परिपत्रों/ नियमों के अन्तर्गत निस्तारित करने एवं अपना पदस्थापन राउमावि, कोलसिया, झुंझुनू/राउमावि, बुगाला, झुंझुनू/डाईट, झुंझुनू/राउमावि, भोज्याना जोहड़ा बेरी/राउमावि, जीताला पाटन /राउमावि, लाड़नू नागौर/राउमावि, जोचिना, नागौर/राउमावि, रोल नागौर में रिक्त पद पर लगाने की परिवेदना प्रस्तुत की गई।

अपीलार्थी राजवीर सिंह से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील प्राधिकरण, जयपुर द्वारा पारित आदेश दिनांकः 01.02.2021 की पालना में श्री राजवीर सिंह, व्याख्याता रसायन विज्ञान का समायोजन राउमावि, बुगाला, झुंझुनू (216053) में कृषि संकाय में व्याख्याता रसायन विज्ञान के नव स्वीकृत पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है।

सभी संबंधित पक्षकार सूचित होवे।

(सौरभ स्वामी)
IAS
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/सी–4/रजीगृ/राजवीर सिंह/795/को.के/21 दिनांकः– 19/02/21

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. विशिष्ट सहायक,माननीय राज्य मंत्री(स्वतंत्र प्रभार),प्राथमिक,माध्यमिक शिक्षा एवं भाषा विभाग जयपुर।
2. संयुक्त शासन सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा(ग्रुप–2) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा(विधि प्रकोष्ठ), जयपुर/जोधपुर।
5. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
6. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (माध्य)।
7. संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।
8. संबंधित संस्था प्रधान।
9. निजी/रक्षित पत्रावली।
10. सिस्टम एनेलेसिस्ट कम्पयुटर अनुभाग।

संयुक्त निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर